भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 602

(03 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

एमजीएनआरईजीएस के तहत औसत कार्य दिवस

602. श्री सु. वेंकटेशन:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2024-2025 तक प्रति परिवार प्रदान किए गए औसत कार्य दिवसों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2024-2025 के दौरान 100 दिनों का काम पाने वाले परिवारों का प्रतिशत कितना है;

(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दिसंबर, 2025 तक प्रति परिवार प्रदान किए गए औसत कार्य दिवसों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर , 2025 तक 100 दिनों का काम पाने वाले परिवारों का प्रतिशत कितना है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क): वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2024-2025 तक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के तहत प्रति परिवार प्रदान किए गए रोजगार के औसत कार्य दिवसों का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	प्रति परिवार प्रदान किए गए रोजगार के औसत कार्य दिवस
1	2014–15	40.14
2	2015–16	48.83
3	2016–17	45.98
4	2017–18	45.69
5	2018–19	50.87
6	2019–20	48.4
7	2020–21	51.52
8	2021–22	50.07
9	2022–23	47.83
10	2023–24	52.08
11	2024–25	50.24

(ख): वित्तीय वर्ष 2014-2015 से 2024-2025 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार के 100 कार्य दिवस पूरे करने वाले परिवारों की संख्या नीचे दी गई है:

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	100 कार्य दिवस का रोजगार पूरा करने वाले परिवारों की संख्या
1	2014–15	24,74,246
2	2015–16	48,40,748
3	2016–17	39,81,298
4	2017–18	29,54,263
5	2018–19	52,50,728
6	2019–20	40,59,204
7	2020–21	71,97,090
8	2021–22	59,14,761
9	2022–23	35,96,873
10	2023–24	44,94,352
11	2024–25	40,70,059

(ग): चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 29.01.2026 तक, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत प्रति परिवार प्रदान किए गए रोजगार के औसत कार्य दिवस 38.78 हैं।

(घ): चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 29.01.2026 तक, कुल 12,05,308 परिवारों ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत रोजगार के 100 कार्य दिवस पूरे कर लिए हैं।